तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 29 जून 2024

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 ट्रेनों के परिचालन बंद होने से यात्री परेशान




## खबर संक्षेप

### भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारण

**बैकुण्ठपुर।** अंत्योदय स्वरोजगार अनुसूचित जाति एवं आदिवासी स्वरोजगार अनुसूचित जनजाति योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 की भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारण किया गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कोरिया विनय कुमार लंगेह ने शासन से प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बैंकवार एवं शाखावार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारण कर पात्रता रखने वाले अजा एवं अजजा वर्ग के आवेदकों से ऋण प्रकरण तैयार कर संबंधित बैंक शाखाओं को स्वीकृति के लिए पत्र प्रकरण मय अनुशंसा सहित भेजने के निर्देश दिए हैं।

### रिक्त सीटों के मंगाए गए आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं 27 जून से 2 जुलाई तक दोपहर 1 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फार्म स्कूल कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं और निर्धारित समय में जमा किए जा सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन के साथ विगत वर्ष की अंकसूची की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। लॉटरी का आयोजन 6 जुलाई को 11:30 बजे से विद्यालय में स्थित ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

### ऑपरेशन के नाम पर रुपए मांगने की शिकायत मरीज ने सीधे स्वास्थ्य मंत्री से की

# सीएस के सस्पेंड होने पर डॉक्टरों ने ओपीडी बंद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ जिला अस्पताल में दिनभर मरीज हुए परेशान

कोरिया जिले के जिला अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र बंसरिया को राज्य सरकार ने मरीज से इलाज के एवज में रूपए मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया।

इसके विरोध में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के समस्त चिकित्सक 28 जून को एक पक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए विरोध में उतर गए और जिला अस्पताल के ओपीडी सेवाओं के साथ अन्य सेवाओं से विरत रहे, इसके कारण अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गई और काफी संख्या में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान सिर्फ आपातकालीन सेवाएं संचालित रही। विरोध प्रदर्शन के पश्चात जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जिला अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. बंसरिया का निलंबन को शून्य करने की मांग की। जानकारी के अनुसार लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अवर सचिव ने 27 जून को आदेश जारी कर जिला अस्पताल के प्रभारी अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र बंसरिया को निलंबित करने का आदेश जारी किया। इस दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक सरगुजा संभाग अंबिकापुर निर्धारित किया गया। आदेश में उल्लेख किया गया है कि सक्षम अधिकारी के अनुमति एवं पूर्व स्वीकृति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। इस आदेश के विरोध में 28 जून को जिला अस्पताल बैकुंठपुर के सभी चिकित्सक ▶▶ शेष पेज 4 पर



ओपीडी में नहीं बैठे चिकित्सक।



डॉक्टर का इंतजार करते मरीज।




आपातकालीन कक्ष को बाहर लगी मरीजों की भीड़।

#### आरोप गलत नियम विरूद्ध की कार्रवाई

चिकित्सकों ने प्रभारी अस्पताल अधीक्षक के विरूद्ध लगाए गए को गलत बताया। चिकित्सकों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मरीज के परिजन द्वारा आपरेशन के लिए रूपए की मांग करने और न देने पर ऑपरेशन नहीं करने की शिकायत को नकारते हुए कहा कि शिकायत पर एक तरफा कार्रवाई की गई। इस प्रकरण में शासन के द्वारा जांच के लिए किसी भी तरह की टीम का गठन नहीं किया गया और न ही मौखिक और लिखित में पत्राचार किया गया। यह कार्रवाई नियम विरूद्ध है।

## व्यावसायियों के 28 लाख लेकर फरार हुआ व्यापारी

**अंबिकापुर।** रामानुजगंज में गल्ला व्यवसायी लोगों का अनाज व महुआ देने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी कर फरार हो गया। घटना के बाद व्यवसायियों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रामानुजगंज निवासी राजू राय गेंहू, महुआ, सरसों व अन्य सामान की खरीदी करता था। 29 मई को राजू राय वार्ड क्रं. 12 निवासी रामबृक्ष गुप्ता के घर पहुंचा और पैसे की आवश्यकता बताकर बदले में 90 से 100 क्विंटल गेंहू देने का वादा किया। व्यवसायी ने चेक के माध्यम से राजू राय को 2 लाख 11 हजार 500 रुपए दिए। इसके बाद राजू राय घर बेचकर फरार हो गया है। इसी तरह नगर के नंदलाल गुप्ता नवीज पाल, संतोष, सद्दाम अंसारी, सुनील कुमार, पंचम पाल, नंदूलाल से कुल 28 लाख 29 हजार रुपए की ठगी की है।



## पैदल चल रहे युवक को ट्रक ने कुचला, मौत

**लखनपुर/रजपुरीकला।** गुरुवार की सुबह एनएच 130 पर सड़क किनारे चल रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इधर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं व मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया।

इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया जिससे एनएच के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। जाम के कारण लगभग ढाई घंटे तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। वहीं सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत से परिजन सदमे में है। बताया जा रहा है कि रजपुरीकला कंवर पारा निवासी 19 वर्षीय संदीप सिंह पैकरा आ. दुहन सिंह पैकरा गुरुवार की सुबह 9.30 बजे सड़क किनारे संचालित प्रीतम किराना दुकान में सामान लेने के लिए गया हुआ था। युवक सामान लेकर वापस पैदल ही घर की ओर लौट रहा था। इस दौरान बिलासपुर की ओर से आ रहे माह वाहक ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे चल रहे युवक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर अंबिकापुर की ओर भाग निकला। इधर ट्रक की टक्कर से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक की टक्कर से युवक की मौत के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण सड़क पर उतर आए। आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने एनएच 130 पर टायर जलाकर चक्का जाम किया। ग्रामीणों का कहना था कि रजपुरीकला में अब तक आठ से नौ लोगों की मौतें हो चुकी है लेकिन किसी भी मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई और ना ही उन्हें मुआवजा मिला।

## भारतीय न्याय संहिता पर कार्यशाला पटना में

**पटना।** देशभर में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को लेकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मुख्य आतिथ्य, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार की उपस्थिति में कोरिया पुलिस द्वारा जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन 28 जून को होटल पिस्ता इन पटना में किया गया।

कार्यक्रम में एसपी श्री परिहार ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताते हुए भारतीय दंड संहिता जो सन 1860 से आज पर्यंत तक लागू है और अब जो 1 जुलाई 2024 से देश में भारतीय न्याय संहिता लागू होने वाली है, उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि ये नई संहिताएं आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं, इससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। ▶▶ शेष पेज 4 पर




कार्यशाला में उपस्थित कलेक्टर, एसपी व अन्य।







28-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/28/2024 7:26 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### स्वर्गीय रामजी दुबे स्मृति इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता में सात टीमों ने लिया भाग

**कुसमी।** तहसीलदार शशिकांत दुबे द्वारा पिता की स्मृति में स्व. राम दुबे स्मृति इंडोर बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 जून को किया गया। प्रतियोगिता में कुल सात टीमों ने भाग लिया है। प्रतियोगित के विजेता को 25 हजार, उपविजेता को 15 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 11हजार रखा गया है। कुसमी बैडमिंटन क्लब के खिलाड़ी आनंद जायसवाल ने बताया कि कुसमी में बैडमिंटन खेल के लिए काफी संघर्ष किया गया है। पहले खेल आउटडोर तहसील प्रांगण उसके बाद वन विभाग, कॉलेज, मंडी के भवनों में फर्श में खेला जाता है। आज वुडेन ग्राउंड में इंडोर के रूप में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास स्थापित हो हुआ हैं। प्रतियोगिता में पहला मुकाबला पीवी सिंधु एवं साइना नेहवाल के मध्य खेला गया। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया, तहसीलदार शशिकांत दुबे, थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कुसमी रामपथ यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र परमार , हिंडालको के जीआर प्रधान, राजेन्द्र घोष,अरविंद सिन्हा, श्रवण दुबे, आनंद जायसवाल, सुनील सिन्हा, अश्विन खेस, उमेश गुप्ता, दीपक सिन्हा, विकास गुप्ता, मनीष सिन्हा, नवनीत, प्रकाश, साकिब, जफर, अभिषेक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### वर्षा ऋतु के आगमन पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** वर्षा ऋतु के आगमन पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय, कवयित्री आशा पाण्डेय, पं.चन्द्रभूषण मिश्र और अरविंद मिश्र के आतिथ्य में काव्य गोष्ठी की। गोष्ठी माधुरी जायसवाल की सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुई। इस दौरान पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि वर्षा ऋतु के आगमन से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। किसान हल लेकर धान की बोआई कर रहे है। प्रकृति भी हरी चादर ओढ़कर सृजन का कार्य कर रही है। सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि बारिश का मौसम वैसे तो बहुत सुहावना होता है परन्तु हम इस मौसम में मच्छरों के कारण होने वाली मलेरिया, डेंगू-जैसी बीमारियों और दूषित जलजनित डायरिया, आत्रशोध जैसे रोगों से बचने हेतु अभी से सजग हो जाएं। काव्यगोष्ठी में माधुरी जायसवाल, अर्चना पाठक, मंशा शुक्ला, आशा पाण्डेय, मुकुंदलाल साहू, श्यामबिहारी पाण्डेय, अम्बरीष कश्यप, राजेश पाण्डेय, अंचल सिन्हा, मुनव्वर अशरफी, चन्द्रभूषण मिश्र, अजय श्रीवास्तव, प्रकाश कश्यप ने अपनी उत्कृष्ठ कविताए सुनाई। गोष्ठी का संचालन आशा पाण्डेय व आभार प्रदर्शन मंशा शुक्ला ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, मदलसा, यशराज गुप्ता, रीमा अगरिया, आरएस कंवर उपस्थित थे।

### टाटा मैजिक के चालक ने बाइक सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** बाइक से अंबिकापुर जा रहे सेवानिवृत्त कालरी कर्मी को टाटा मैजिक वाहन चालक ने विपरीत दिशा से टक्कर मार दी है। दुर्घटना में बाइक सवार को गंभीर चोट आई है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत



शिवनंदनपुर निवासी सेवानिवृत्त कालरी कर्मी 64 वर्षीय गोपाल राम गुप्ता पिता रामकृष्ण गुरुवार को अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 एसी 6430 में अंबिकापुर जा रहा था। तभी जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रविंद्रनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर नेक्सा शोरूम के समीप अंबिकापुर की ओर से टायर लोडकर बिश्रामपुर की ओर आ रहे टाटा मैजिक वाहन क्रमांक सीजी 15 ईडी 7869 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से बाइक सवार वृद्ध को जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार वृद्ध का एक हाथ व पैर फ्रेक्चर हो गया है, जिसे जयनगर पुलिस द्वारा तत्काल अस्पताल भिजवाकर भर्ती कराया गया है।

## अकेले दैतल पहुंचा रहे अधिक क्षति

# दो महीने में हाथियों ने ली सात लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाथियों की संख्या में कमी आने के बावजूद जनहानि की घटनाएं नहीं रूक रही हैं। आपसी संघर्ष में पिछले दो महीनों के भीतर हाथियों ने सात लोगों की जान ली है वहीं 2 करोड़ से अधिक की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों की संख्या में कमी आने के बावजूद विभाग जनहानि एवं संपत्ति हानि को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है।

**खास बात**
- 70 हाथियों ने तमोर पिंगला अभ्यारण्य को बनाया अपना रहवास

वर्तमान में सरगुजा संभाग के विभिन्न क्षेत्रों में 110 हाथी मौजूद हैं। विभाग द्वारा तमोर पिंगला अभ्यारण्य में हाथियों के अनुकूल चारा विकसित करने के कारण अब हाथियों के बड़े दल अभ्यारण्य में ही अधिक समय गुजार रहे हैं। तमोर पिंगला अभ्यारण्य हाथियों के स्थाई रहवास क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है। अधिकांश समय अभ्यारण्य में गुजारने के कारण जनहानि एवं संपत्ति हानि में कमी भी आई है लेकिन इसे पूरी तरह रोकने में सफलता नहीं मिल रही है। चालू वित्त वर्ष में हाथी सात लोगों की जान ले चुके हैं। तमोर पिंगला अभ्यारण्य में लम्बे समय से 70 हाथियों के अलग-अलग दल विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। अभ्यारण्य क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक गांव भी है। यदाकदा हाथी जंगल के बीच ग्रामीणों की फसल से अपनी भूख मिटाते हैं लेकिन आपसी संघर्ष की स्थिति निर्मित नहीं होती। इधर अलग-अलग क्षेत्रों में मौजूद अकेले हाथी लगातार जनहानि करने के साथ ही फसल व घरों को नुकसान पहुंचा रहे है। अकेले हाथी विभाग के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रहे हैं।




### नहीं मिलती मौजूदगी की जानकारी

वन अधिकारियों का कहना है दल से अलग होने के बाद हाथी अधिक आक्रामक हो जाते हैं तथा रातों रात लम्बा सफर तय कर दूसरे जंगल में पहुंच जाते हैं। ऐसे स्थिति में हाथी के मौजूदगी की जानकारी न तो वन अमले को मिल पाती है न ही ग्रामीणों को हाथी अचानक आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जाते हैं तथा मामूली सी असावधानी होने पर ग्रामीणों पर हमला बोल देते हैं। अप्रैल से मई के मध्य हाथियों ने 7 लोगों को मारा है। हाथी-मानव संघर्ष में दो महीने के भीतर सूरजपुर में 3, जशपुर में 3 एवं बलरामपुर में एक ग्रामीण की मौत हुई है। जनहानि के मामलों में विभाग ने पीड़ित परिवारों को 60 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की है। हाथियों के हमले के मामले में विभाग 1.15 लाख का मुआवजा दिया है। दो महीने में हाथियों ने 1472 पशुओं को हानि पहुंचाई है तथा 476 हेक्टेयर से अधिक की फसल को नष्ट किया है। पशु हानि को लेकर विभाग ने 33 हजार रूपए एवं फसल क्षति का 10 करोड़ से अधिक का भुगतान किया है।

### बदल रहा स्वभाव

तमोर पिंगला अभ्यारण्य में विभाग ने हाथियों के पसंद की घास विकसित की है इस बार जंगल में हाथियों के पसंद के पेड़ लगाने की तैयारी की जा रही है। अभ्यारण्य में हाथियों के पसंद का चारागाह विकसित होने के कारण पिछले तीन सालों से हाथी अपना अधिकांश समय अभ्यारण्य में गुजार रहे हैं। प्राकृतिक जंगल में रहने के कारण हाथियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं नहीं हो रही है जिससे उनका स्वभाव भी बदल रहा है। हाथियों का रास्ता रोकने अथवा छेड़छाड़ करने से हाथी उग्र हो जाते हैं तथा तोड़फोड़ मचाते हैं।

### सजग रहना जरूरी

जन हानि रोकने के लिए लोगों का जागरूक एवं सजग रहना आवश्यक है। विभाग लगातार प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चला रहा है। लोनर हाथी हमेशा अपनी जगह बदलते रहते हैं जिसके कारण दुर्घटनाएं होती है।

-केआर बढ़ई
सीएफ, वाइल्ड लाइफ

# सागौन प्लांटेशन में पौधों की अवैध कटाई, वन विभाग के उड़े होश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

वन परिक्षेत्र घुई अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवटी रामपुर के जंगल में सागौन सहित इमारती लकड़ी के प्लांटेशन में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। आलम यह है कि पेड़ अब ठूंठ में तब्दील होने लगे है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग से मिलीभगत कर पेड़ को काट लकड़ी की तस्करी की जा रही है। करीब 7 से 8 वर्ष पूर्व हुए इस प्लांटेशन का पौधा का अवैध कटाई का मामला सामने आने के बाद अब वन विभाग के होश उड़ गए हैं।

वन विभाग द्वारा किए गए इस प्लांटेशन में हजारों पौधे लगाए गए हैं वहीं पेड़ों की अवैध कटाई होने पर अब प्लांटेशन का अस्तित्व खतरे में है। लकड़ी तस्करों की नजर हर 10 फीट के पेड़ पर है जो अधिकांश कटाई होने से ठूंठ में तब्दील देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि रात समय कटाई की जाती है। वन विभाग की लापरवाही और उदासीनता के कारण जंगल का अवैध कटाई जोरों पर से है। वही वन परिक्षेत्र अंतर्गत जंगल कई अलग अलग जगहों पर कटाई कर पेड़ के ठूंठ में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्लांटेशन वाले



स्थान को वन विभाग निगरानी नहीं करने के वजह से कीमती पेड़ों का काट कर लकड़ी की तस्करी उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के रास्ते की जाती है। लगातार वनों की कटाई का मामला सामने आने के बाद भी शासन प्रशासन व वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसा ही रहा तो आने वाला समय में प्लांटेशन ठूंठ में तब्दील हो जाएगा और जंगली जानवर विलुप्त हो जाएंगे।

इस संबंध में वन विभाग एसडीओ आशुतोष भगत ने बताया कि तत्काल रेंजर को तलब कर जांच कर कार्रवाई की अनुशंसा सूरजपुर डीएफओ के समक्ष की जाएगी। मौके पर जांच दल तत्काल भेजा जाएगा।

# साफ-सफाई के अभाव में कचरा से पट गई नाली, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

नाली के नियमित साफ सफाई नहीं होने से अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। आलम यह है कि बारिश का पानी नाली जाम होने से सड़क पर बह रहा है जिससे मार्ग से गुजर रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

रामानुजनगर निवासी कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव व उर्दू अकादमी बोर्ड के सदस्य इस्माइल खान ने ब्लॉक में पदस्थ अधिकारियों के आरोप लगाया है कि अधिकारियों के उदासीनता व लापरवाही के कारण ब्लॉक मुख्यालय की सड़क व नाली का बूरा हाल है। नाली पूरी तरह कचरा, मिट्टी से पट गया है। नाली के जाम होने से अब बारिश के पानी के लिए निकासी नहीं होने पर सड़क पर बह रहा है। बरसात को ध्यान में रख एक सप्ताह पूर्व नाली का सफाई कार्य मजदूरों द्वारा किया गया था परंतु आधा अधूरा सफाई कर छोड़ दिया गया है। श्री खान ने कहा कि रामानुजनगर ब्लॉक में दो दो विधायक का गृह निवास है जबकि प्रेमनगर विधानसभा के वर्तमान विधायक भूलन सिंह मरावी का भी इसी ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पटना में गृह निवास है। इसके बावजूद रामानुजनगर मुख्यालय विकास के लिए तरह रहा है। आज सड़क व नाली का स्थिति बेहद खराब है। नाली का समय साफ सफाई नहीं होने से नाली कचरा व मिट्टी से पट गया है। जिससे नाली का गंदा पानी हाई स्कूल के समीप सड़क पर बह रहा है।

### लोन देने के बहाने ग्रामीण से ऑनलाइन ठग लिए 1 लाख 19 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम कुरडेग खन्ताडांड निवासी गोकुल चंद पैकरा आ. पारसनाथ पैकरा पिछले छह माह से शहर के सुभाष नगर स्थित कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर एक ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करता है। पिछले वर्ष रुपए की आवश्यकता होने पर फेसबुक में एक वीडियो देख कर लोन के लिए आवेदन दिया। इस बीच 6 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर अपना नाम मन्नू प्रताप सिंह व निजी फाइनेंस कंपनी का मैनेजर बताया। साथ ही ग्रामीण को लोन की प्रक्रिया के लिए 1 हजार 750 रूपए ऑनलाइन पेमेंट करने की बात कही। गोकुल ने ऑनलाइन पेमेंट कर दिया। दो दिन बाद पुनः अज्ञात व्यक्त ने फोन कर बताया कि लोन की प्रक्रिया पूरी हो गई है और 2-2 हजार रुपए पेमेंट करने करने के बजाए कुल 53 हजार रुपए जमा करा लिया। 8 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि लोन की राशि अधिक होने तथा जीएसटी करने की बात कहकर 49 हजार रुपए जमा करने की बात कही। इधर बार बार पैसा मांगने तथा लोन नहीं देने पर गोकुल को ठगी करने का एहसास हुआ तो रुपए देना बंद कर दिया। गोकुल ने धोखाधड़ी कर 1 लाख 19 हजार रुपए ठग लेने पर घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# विधायक धर्मजीत सिंह से मिला रेल संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल



**अम्बिकापुर।** रेल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह से मुलाकात कर छत्तीसगढ़ को उत्तरप्रदेश से रेल मार्ग के माध्यम से जोड़ने वाले अम्बिकापुर-रेणुकूट प्रस्तावित रेल मार्ग निर्माण में उनका सहयोग मांगा। जनहित से जुड़े इस विषय पर गतिशील मंच बनाकर रेल संघर्ष समिति द्वारा किए जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए उन्होंने हर संभव सहयोग की प्रतिबद्धता जताई। वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह अपने प्रवास के क्रम में अम्बिकापुर आए थे। अम्बिकापुर आगमन के दौरान भाजपा नेता कैलाश मिश्रा के नेतृत्व में रेल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने उनसे मुलाकात कर अम्बिकापुर रेणुकूट रेल लाइन निर्माण के लिए किए गए प्रयास व आंदोलन की जानकारी दी एवं रेल मार्ग को उत्तर छत्तीसगढ़ के लिए बृहत्तर रेल नेटवर्क से जोड़ने का सशक्त व कारगर माध्यम बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता और विधायक श्री सिंह ने जन भावना अनुरूप विधानसभा के सत्र में अशासकीय संकल्प के माध्यम से इसके महत्व को रेखांकित करते हुए इस अभियान की सफलता के लिए अपनी मजबूत भागीदारी का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श दात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी, रेल संघर्ष समिति के चंद्रशेखर तिवारी, जितेंद्र सिंह, वेदांत तिवारी, राकेश सिंह, पीयूष त्रिपाठी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### गृहमंत्री से मिले सर्राफा संघ के प्रतिनिधि



सर्राफा संघ का प्रतिनिधि मंडल गृहमंत्री विजय शर्मा एवं पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा एवं सरगुजा व सूरजपुर की जेवर दुकानों में लगभग 6 चोरी, ठगी की घटनाएं घट चुकी है। अभी तक अपराधी नहीं पकड़े गए हैं। दुकानदार डरे हुए हैं। व्यवसाइयों ने गृहमंत्री एवं पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर अपराधियों को जल्द पकड़कर सामान बरामद करने की मांग की है। गृहमंत्री एवं पुलिस महानिरीक्षक ने जल्द आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। इस दौरान सर्राफा संघ के परशुराम सोनी, सुरेश सोनी, कृष्णा सोनी, रविंद्र सोनी, रंजीत सोनी, राजेश सोनी, कुंज बिहारी गुप्ता, विकास सोनी, मुकेश सोनी, रघु सोनी उपस्थित थे।

## दस लाख क़ीमत के गहने व दो लाख ले गए अज्ञात बदमाश

# नगर पंचायत सीएमओ के कॉलोनी स्थित सूने आवास में चोरों का धावा, नकद समेत लाखों का सामान पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- गुरुवार की सुबह पुलिस व डॉग स्क्वॉड टीम मौक़े पर जांच के लिए पहुंची

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार बाजार जिला अंतर्गत पलारी नगर पंचायत में पदस्थ सीएमओ जितेंद्र बहादुर पटेल के बिश्रामपुर चोपड़ा कॉलोनी स्थित क्वार्टर नंबर 871 में बुधवार की देर रात सामने के दरवाजा का ताला तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने घर के अलमारी में रखे दस लाख रुपये से अधिक सोने चांदी के आभूषण व दो लाख रुपये नगद रक़म को चोरी कर भाग निकले।घटना की सूचना पर गुरुवार को दूसरे दिन बिश्रामपुर पुलिस ने डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंच जांच में जुटी है।

बताया गया कि पलारी नगर पंचायत के सीएमओ अपनी पत्नी व बेटे को लेकर पलारी में रह रहे थे बिश्रामपुर स्थित उनके आवास में जहां चोरी की वारदात हुई उसी आवास के बाजू उनके एस ई सी एल कम्पनी में माइनिंग सरदार पद पर भाई सुरेंद्र पटेल का आवास है जहां उनके माता पिता भी साथ रहते हैं। यहाँ पर दोनो घरों में परिवार वालों का आना जाना बना रहता है ।रोजाना की तरह घर में ताला बंद कर उनके मां पिता उनके छोटे पुत्र के यहां सोने के लिए चले गए, इसी बीच अज्ञात चोरों ने सामने के दरवाजे का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर अलमीरा का लॉक तोड़ उसमे रखा सोने चांदी का गहना एक नग सोने का हार,एक नग सोने का माँग टीका,एक जोड़ी सोने का कंगन,कान का झुमका, लेडीज रिंग ,जेंट्स रिंग ,पाँच नग सोने की चैन,दस ग्राम सोने का बिस्कुट, एवं नगद रकम दो लाख रुपए को चोरों ने पार कर दिया।चुराए गए ज़ेवरात की क़ीमत क़रीब दस लाख रुपए बताई गई है।कुल मिलाकर जितेंद्र पटेल को 12 लाख रुपए की आर्थिक हानि हुई है।घटना की जानकारी परिजनों को दूसरे दिन सुबह लगी जब परिजन जागे तो देखा कि घर के प्रवेश द्वारा का ताला टूटा है और जिस कमरे में चोरी हुई है उस कमरे के दरवाजे का कुंडा भी टूटा हुआ है।परिवार के साथ घर पहुंचकर जब सामान व जेवरात का मिलान किया तब मामले की थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।



घटना स्थल की जांच करते डॉग स्क्वाड की टीम।

### देर रात 12 बजे तक नहीं हुई थी चोरी

सीएमओ जितेंद्र बहादुर ने बताया कि घटना दिवस की रात उनका छोटा भाई कम्पनी की सेकेंड शिफ्ट की ड्यूटी कर रात बारह बजे घर लौटा था इस दौरान सब ठीक था।घटना को चोरों ने देर रात दो बजे के बाद अंजाम दिया है ।गर्मी व उमस के कारण क्वार्टरो में कूलर चलने की वजह से आवाज नहीं आई और चोरों ने इत्मिनान के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया।उन्होंने बताया कि गहने व नगदी रकम के अलावा अज्ञात चोर अन्य कोई सामान नहीं ले गए है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है की चोरों ने सुने आवास की पहले रेकी की होगी। बता दें कि नगर में एक के बाद एक छोटी बड़ी कई चोरी की वारदात हो रही है लेकिन पुलिस किसी एक मामले में भी चोरों तक नहीं पहुंच पा रही है जिससे पुलिस के कार्य करने के तरीके व सुस्त रवैये पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

# जीवन दीप समिति की बैठक में 15 बिंदुओं पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति की सामान्य सभा का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक राजेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, सौरभ अग्रवाल, एसडीएम बनसिंह नेताम, जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, बीएमओ एआर जयंत की उपस्थिति में किया गया। साथ ही 15 बिंदुओं मे चर्चा की गई।

बैठक से पूर्व राजेश अग्रवाल ने सीएससी के सभी वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल जाना। साथ ही कमियों को लेकर डॉक्टर को सुधार लाने निर्देशित किया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बनाने के लिए मुख्य रूप से 15 बिंदुओं में चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से अस्पताल में उदयपुर ब्लॉक के अलावा प्रेमनगर, सूरजपुर, कोरबा सहित आसपास के ग्रामीण बीमार होने पर उपचार के लिए सीएचसी उदयपुर आते हैं लेकिन अनुभवी डॉक्टर नहीं होने के कारण तात्कालिक उपचार के बाद अधिकांश मरीजों को अंबिकापुर रेफर किया जाता है। अस्पताल में समुचित इलाज हो सके इसके लिए सीएचसी में पीजी व एमबीबीएस डॉक्टर की भर्ती, नए एंबुलेंस की मांग, अस्पताल में पर्याप्त दवा की उपलब्ता रखना, एक्स-रे दर की राशि को यथावत रखने, अस्पताल में शौचालय की साफ सफाई करने कर्मचारी रखने, आरएसबीवाई की प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुई है जिसकी मांग, एक्स-रे करने वाले को 4 हजार प्रतिमाह देने की सहमति, ऑक्सीजन प्लांट से पाइप ओटी व वार्ड में नियमानुसार सप्लाई सुनिश्चित करना, हड्डी के संबंधित सभी उपकरण उपलब्ध कराना, मानव संसाधन का मांग पत्र सहित अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई।

# फर्जी चेक से रक़म आहरण करने के मामले में दूसरे दिन भी नहीं हो पाया अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- स्टेट बैंक बिश्रामपुर शाखा में देर शाम तक दस्तावेज खंगालती रही पुलिस
- यूनियन बैंक के दो नग चेक से नौ लाख रुपए की आहरित हुई रक़म अब तक नहीं हो पाई रिकवर

एसईसीएल कम्पनी के एसबीआई बैंक बिश्रामपुर शाखा के एकाउंट से अज्ञात ठग द्वारा फर्जी चेक के माध्यम से सैंतीस लाख तिरपन हजार रुपये आहरण कर लेने के मामले में घटना के दूसरे दिन तक भी अपराध दर्ज नहीं हो सका है।

उक्त मामले में एसईसीएल कम्पनी प्रबंधन ने एसबीआई बैंक प्रबंधन को पत्र लिखकर आहरित हुई राशि को शीघ्र अपने बैंक खाते में वापस जमा करने का पत्र लिखकर बैंक प्रबंधन पर दबाव बढ़ा दिया है।बैंक प्रबंधन को लिखे पत्र में एसईसीएल प्रबंधन ने उल्लेख किया है कि विभिन्न आठ फर्जी चेक से जो कंपनी के खाते से गलत तरीके से आहरण कर भुगतान किया गया है ,उसकी बारीकी से जांच होनी चाहिए और उक्त रकम को खाते में जल्द समायोजित किया जाना चाहिए।इसके अतिरिक्त ऐसी घटना की दुबारा पुनरावृति न हो इसका प्रयास किया जाना चाहिए, अन्यथा विवश होकर कम्पनी को अपने बैंक खातों को यहां से अन्यंत्र ब्रांच में शिफ्ट कराना पड़ेगा।बता दें कि एसईसीएल बिश्रामपुर के एसबीआई बिश्रामपुर ब्रांच के बैंक खाते से अज्ञात लोगों द्वारा आठ की संख्या में फर्जी चेक के माध्यम से 37.53 लाख रुपये पंजाब नेशनल बैंक सदर बाजार बिलासपुर की शाखा सहित अन्य बैंकों से आहरण कर लिया गया।जबकि उक्त सीरीज व नंबर के चेक प्रबंधन ने अब तक जारी ही नहीं किए थे। मोटी रकम आहरण के बाद जब प्रबंधन को इसकी भनक लगी तो तत्काल बैंक शाखा में पहुंच शिकायत दर्ज कराई गई। बैंक प्रबंधन ने इसको बड़ी ख़ामी देखते हुए हुए तत्काल सक्रियता दिखाकर 28 लाख राशि को होल्ड करा वापस एसईसीएल के खाते में जमा करा दिया ,लेकिन एक सप्ताह पूर्व हुए दो चेक से नौ लाख की रकम अब अब तक वापस नहीं कराई जा सकी है।प्रबंधन की शिकायत के बाद बिश्रामपुर पुलिस आज गुरुवार को दिन भर बैंक में इस प्रकरण से जुड़े दस्तावेज जुटाने में लगी रही ,इस कारण देर शाम तक मामले में एफ आई आर दर्ज नहीं हो सकी थी।पुलिस पूरे दस्तावेज उपलब्ध होने के बाद प्राथमिकी दर्ज करने की बात कह रही है। एसबीआई बिश्रामपुर के प्रबंधक रवि सिंह ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक शाखा से फर्जी चेक द्वारा आहरित की गई बाईस लाख रुपए राशि रिकवर कर ली गई है जिसे एसईसीएल कम्पनी के बैंक खाते में समायोजित भी करा दिया गया है,यूनियन बैंक से दो चेक के माध्यम से आहरित नौ लाख की राशि वापसी के लिए संबंधित बैंक प्रबंधन को पत्र लिखा गया है, जल्द ही नौ लाख की राशि को भी रिकवर कर लिए जाने की उम्मीद है।

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** दो वर्ष पूर्व कोरिया जिले के बचरा पोड़ी से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कसलगिरी निवासी 25 वर्षीय मेर सिंह राजवाड़े पिता अनिल राजवाड़े दो वर्ष पूर्व कोरिया जिले के बचरा पोड़ी से मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीबी 1319 की चोरी किया था। आरोपी मेर सिंह राजवाड़े बीती रात बिश्रामपुर बस स्टैंड के पास संदिग्ध अवस्था में दिखने पर जब पुलिस ने रुकवाकर पूछताछ किया, तब आरोपी ने स्वीकार किया कि उक्त बाइक को दो वर्ष पूर्व चोरी किया था। मामले में पुलिस ने आरोपी मेर सिंह राजवाड़े के खिलाफ धारा 41(1-4) के तहत कार्यवाही करते हुए गुरुवार को ही उसे सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

# बांध की डूबान भूमि पर कराया जा रहा पीडीएस भवन निर्माण


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

बांध के डूबान की भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा भवन निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवक कांग्रेस के भटगांव जिलाध्यक्ष ने मामले की लिखित शिकायत सूरजपुर कलेक्टर व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से करते हुए उक्त अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में युवक कांग्रेस भटगांव विधानसभा जिलाध्यक्ष विक्की समद्दार ने उल्लेख किया है कि सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत संजयनगर में स्थित तालाब बांध के किनारे पंचायत द्वारा पीडीएस भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जो कि बांध एवं डूबान क्षेत्र में है और बरसात के समय पूरा तालाब बांध पानी से भरकर रोड के समीप आ जाता है। यहां बेवजह भवन का निर्माण कराए जाने से बारिश का पानी भर जाने से शासन की मंशानुरूप आमजन को उक्त सुविधा का कोई लाभ नहीं मिल सकेगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत द्वारा गहरीकरण



कराने के बजाए तालाब एवं बांध में मिट्टी भरवाकर भवन निर्माण किया जा रहा है एवं ग्राम पंचायत संजयनगर द्वारा बांध से जेसीबी के माध्यम से मुरूम खुदाई कराकर अवैध रूप से ट्रैक्टर के माध्यम से अम्बिकापुर समेत स्थानीय स्तर पर मुरूम का विक्रय किया जा रहा है। बताया गया कि पूर्व में 19 जून को भी उक्त संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिस पर आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है,जिससे स्थानीय ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।




# 'गेम चेंजर' की 10 दिन की शूटिंग बाकी...

**मुंबई।** राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज की तारीख से अभी तक परदा नहीं उठ पाया है। इस फिल्म पर तीन साल से काम चल रहा है, लेकिन अभी तक शूटिंग पूरी नहीं हो पाई। इस वजह से राम चरण के फैंस इसका इंतजार करते-करते थक से गए हैं। इसी बीच, अब फिल्म के निर्देशक की ओर से एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। एक साक्षात्कार में 'गेम चेंजर' का निर्देशन कर रहे शंकर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब 10 दिन की शूटिंग और बची है। शंकर इन दिनों अपनी एक और फिल्म 'इंडियन 2' के प्रचार में व्यस्त में हैं।

लाइफ Style

# सोनाक्षी

## शादी से पहले ही जहीर को मान चुकी थीं पति

सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस बीच सोनाक्षी का 2 साल पुरानी एक पोस्ट भी वायरल हो रही है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सोनाक्षी, जहीर इकबाल को 2 साल पहले ही अपना पति मान चुकी थीं। दोनों ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी। फिलहाल, इस पर साफ तौर पर कोई पुष्टि नहीं हो हुई है कि सोनाक्षी और जहीर की सगाई दो साल पहले हुई थी या नहीं। लेकिन इस समय दोनों अपनी शादी को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। लोग उनकी शादी को लव जिहाद बताकर उन्हें धमकी दे रहे हैं। कुछ तो इसे हिंदू धर्म का अपमान बता रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी, ऐसा ये बात हम नहीं कह रहे हैं, ऐसा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सोनाक्षी की पोस्ट पर यूजर्स कह रहे हैं। दरअसल, रेडिट पर एक यूजर ने सोनाक्षी की 2 साल पहले की एक पोस्ट शेयर की थी। इस पोस्ट में एक्ट्रेस अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। ये अगूंठी एक्ट्रेस ने शादी के समय भी पहन रखी थी। एक्ट्रेस की इसी पोस्ट पर यूजर दावा कर रहे हैं कि सोनाक्षी और जहीर दो साल पहले ही सगाई कर चुके थे। रेडिट यूजर ने सोनाक्षी की एक पोस्ट शेयर की जो खुद एक्ट्रेस ने 2 साल पहले डाली थी। 8 मई, 2022 को शेयर की गई, इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, 'मेरे लिए बहुत बड़ा दिन! यकीन नहीं हो रहा मेरा सपना सच हो रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# शूटिंग से ब्रेक लेकर निक से मिलीं

**लॉस एंजिलिस।** बॉलीवुड की देसी गर्ल अब हॉलीवुड में भी मशहूर हो चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के लिए वे ऑस्ट्रेलिया में रह रही हैं। वहीं, अभिनेत्री ने अपने इंस्टग्राम हैंडल से अपनी कुछ तस्वीरों को साझा किया है। तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे शूटिंग से ब्रेक लेकर अपने पति निक और अपने परिवार से मिली हैं। प्रियंका ने एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वे ग्रीन ड्रेस में अपने पति निक संग क्वालिटी समय बिताती नजर आ रही हैं।



# एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में ड्वेन जॉनसन और क्रिस इवांस मुख्य भूमिका में हैं। 'जुमांजी रीबूट' के निर्देशक जेक कासदन ने फिल्म का निर्देशन किया है। क्रिस मॉर्गन ने हीराम गार्सिया की कहानी पर आधारित फिल्म की पटकथा लिखी है। निर्माताओं में हीराम गार्सिया, डैनी गार्सिया, जॉनसन, मॉर्गन, कसदन और मेल्विन मार शामिल हैं। 'रेड वन' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में जॉनसन और मार्वल स्टार क्रिस इवांस के बीच रोमांचक टीम-अप दिखाया जाएगा, जिसमें जॉनसन ई.एल.एफ. के कमांडर कैलम ड्रिफ्ट के किरदार में होंगे।



# मेरे बयान को गलत पेश किया जा रहा ...


**नई दिल्ली।** दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और कुछ-कुछ होता है जैसी फिल्मों में दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल शाहरुख खान संग काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया कि शाहरुख और सलमान के साथ उनका यादगार रिश्ता है। एक्ट्रेस ने इस बात का भी खुलासा किया कि उनका शाहरुख से संपर्क टूट गया है, क्योंकि उनका नंबर बदल गया था। वह फिर से शाहरुख से जुड़ना चाहती है। लेकिन सेक्रेटरी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। 'मैने सिर्फ इतना कहा कि मेरे पास जो नंबर है, वो शायद पुराने हैं। फरीदा जलाल ने सोशल मीडिया पर शाहरुख खान से संपर्क टूटने के अपने बयान को गलत बताया है। जो कुछ लिखा जा रहा है वो गलत है। मैंने तो सिर्फ ये कहा था कि उनका नंबर बदल गया होगा।



# अंडमान में चल रही है सूर्या-44 की शूटिंग

**नई दिल्ली।** इन दिनों अभिनेता सूर्या अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इनमें एक है- 'कंगुवा' और दूसरी है अस्थाई शीर्षक वाली- 'सूर्या 44'। दोनों ही फिल्मों पर आए दिन नई-नई जानकारी मिल रही है और इसी सिलसिले में इस बार 'सूर्या 44' पर नया अपडेट सामने आया है। 'सूर्या 44' को इन दिनों अंडमान में शूट किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुलाई के पहले हफ्ते तक अंडमान लोकेशन का शेड्यूल का काम खत्म कर लिया जाएगा। इसके बाद फिल्म की टीम ऊटी जाएगी, जहां इसके अगले शेड्यूल की शूटिंग को लेकर योजना बनाने का काम चल रहा है। 'सूर्या 44' से जुड़ी एक जानकारी यह भी है कि इसके दो गानों को शूट कर लिया गया है। 'सूर्या 44' का निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज द्वारा किया जा रहा है।

## टीवी मसाला



# केबीसी 16 के नए प्रोमो के साथ टीवी पर लौटे बिग बी

**नई दिल्ली।** चर्चित क्विज शो केबीसी के जरिए बिग बी एक बार फिर छोटे पर्दे पर लौट रहे हैं। इस शो का 16वां सीजन आ रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 16 का नया प्रोमो जारी हो गया है और इसमें बिग बी एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते दिख रहे हैं, 'जिंदगी है, हर मोड़ पर सवाल पूछेगी, जवाब तो देना होगा!' इस शो में अमिताभ बच्चन प्रतिभागियों से सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछते नजर आते हैं। सवाल पूछने के साथ-साथ वे अपनी जिंदगी से जुड़े तमाम रोचक किस्से भी सुनाते हैं। यह पारिवारिक शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है और हर सीजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शो के नए सीजन को लेकर भी यही उत्सुकता है। अब शो का प्रोमो आ गया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रोमो एक या दो नहीं, बल्कि तीन आए हैं। सोनी की तरफ से जारी किए गए तीनों प्रोमो में दिखाया गया है कि आप जीवन की किसी भी स्थिति में हों, कुछ भी फैसला करें, समाज आपसे सवाल करेगा और आपको जवाब देना होगा। अमिताभ बच्चन भी तीनों प्रोमों के आखिर में यही टैगलाइन बोलते दिख रहे हैं।


## राखी ने की उर्फी की खिंचाई कहा- जब अनुभव नहीं है तो मत बोलो

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के अरमान मलिक और कृतिका मलिक और पायल मलिक के साथ उनके एक से ज्यादा शादी की हर तरफ चर्चा हो रही है। एक तरफ जहां मनोरंजन जगत से ऐसे लोग हैं, जिन्होंने इस कदम के लिए अरमान की आलोचना की है। वहीं कुछ दिन पहले, उर्फी यूट्यूबर के समर्थन में सामने आईं और कहा कि अरमान और उनका परिवार उन सबसे अच्छे लोगों में से हैं, जिन्हें उन्होंने जाना है और बहुविवाह अभी भी मौजूद है। अगर वे तीनों एक साथ खुश हैं, तो उन्हें अपने इस फैसले पर रहने दिया जाना चाहिए। उर्फी के इस बयान की राखी सावंत ने खूब आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चूंकि वह शादीशुदा नहीं हैं, इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। राखी ने यह भी कहा कि अरमान की पहली पत्नी पायल बिल्कुल भी खुश नहीं है।



# 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का भयानक लुक...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। पहले ये फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली थी। अब क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वरुण धवन के फैंस भी उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वरुण धवन हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को 'बेबी जॉन'की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए।'' यह खून-खराबा और भी खूनी होने वाला है। इस फिल्म के जरिए कीर्ति सुरेश हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर



रही हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी अहम रोल में दिखेंगी. साथ ही फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी नजर आएंगे। वरुण धवन ने पिता बनने के बाद बड़ा कदम उठाया है।

जब से उनके घर में बेटी का आगमन हुआ है, तब से वह दूसरे अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की बारे में भी सोच रहे हैं।

# शाहरुख की फिल्म से किया डेब्यू फिर 1 झटके में छोड़ दिया बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करना हर किसी का सपना होता है, चाहे वो एक्टर हो या फिर एक्ट्रेस। लेकिन एक ऐसी एक्ट्रेस है, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू कर बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने अमीर बिजनेस से शादी रचाकर अपना घर बसा लिया। बहुत कम ऐसा होता कि किसी को शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू करने का मौका मिले। लेकिन जो किंग खान के साथ कोई फिल्म कर लेता है, तो उसकी किस्मत चमक उठती है। दीपिका पादुकोण और अनुष्का शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस ने शाहरुख की फिल्मों से डेब्यू किया और फिर सिनेमा की दुनिया में छा गईं। आज हम आपको एक्ट्रेस के बारे में बताते हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म में करने के बाद बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। उनका नाम है गायत्री जोशी।

## अमीर बिजनेसमैन से शादी कर बसा लिया घर

गायत्री जोशी ने 2004 में रिलीज हुई 'स्वदेस' फिल्म एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसमें वह शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थीं। वैसे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई थी, लेकिन क्रिटिक्स से खूब तारीफ मिली थी। कई क्रिटिक्स ने 'स्वदेस' को शाहरुख खान के करियर की बेस्ट फिल्म बताया और साथ उनकी एक्टिंग की तारीफ में कसीदे भी पढ़े। फिल्म में गायत्री की अदाकारी की भी प्रशंसा हुई, लेकिन उनका करियर बहुत छोटा साबित हुआ। फिल्म की रिलीज के तुरंत बाद उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था। गायत्री जोशी ने महज 27 साल की उम्र में सिनेमा की दुनिया से रिटायरमेंट ले लिया था। इसके पीछे की वजह बताई जाती है कि वह अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ पर फोकस करना चाहती थी। साल 2005 में उन्होंने अमीर बिजनेसमैन विकास ओबेरॉय के शादी रचाई और फिर कभी एक्टिंग की तरफ मुड़कर नहीं देखा। गायत्री जोशी के पति विकास ओबेरॉय एक अरबपति बिजनेसमैन हैं, जो एक समय में भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक थे।



## दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं कई भूमिकाएं


# 'कल्कि 2898 एडी' ही नहीं, इन फिल्मों में भी कमाल कर चुके हैं कमल हासन

***मुंबई।*** *नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' गुरुवार को रिलीज हो गई है। इसमें प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण के अलावा कमल हासन भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में कमल हासन विलेन सुप्रीम यास्किन के रोल में हैं। कमल हासन का सिनेमा की दुनिया में अलग कद है। यूं तो वे साउथ सिनेमा से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन बॉलीवुड में भी उन्होंने अपने अभिनय का कमाल दिखाया है। हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी उनके प्रशंसकों की कमी नहीं है। उनके अभिनय का कमाल है कि कई भूमिकाएं दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं।*

### एक दूजे के लिए ( 1981)

'एक दूजे के लिए' कमल हासन की बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म थी। इसमें उनके अपोजिट रति अग्निहोत्री नजर आईं। फिल्म 'ब्लॉकबस्टर'साबित हुई थी, जिसने कमल हसन को हिंदी पट्टी में रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था। इसकी कहानी एक साउथ इंडियन आदमी पर आधारित है, जिसे एक नॉर्थ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है। इस फिल्म में कमल हासन धाराप्रवाह हिंदी बोलते नजर आए।





### सदमा (1983)

फिल्म 'सदमा', तमिल फिल्म 'मूंद्रम पिराई' का हिंदी वर्जन थी। इसमें कमल हासन और श्रीदेवी लीड रोल में नजर आए। इसकी मूल फिल्म में बेहतरीन एक्टिंग के लिए हासन को 'नेशनल अवार्ड'मिला था। इसमें एक आदमी और मेंटली चैलेंज लड़की के बीच रोमांस दिखाया गया है। इसमें एक आदमी एक लड़की को वेश्यालय से बाहर लाता है। ब्रेन इंजरी के चलते याददाश्त गुम हो जाने के चलते वह एक 6 साल की लड़की की तरह व्यवहार करने लगती है।

### अप्पू राजा (1989)



इस फिल्म में कमल हासन ने 'अप्पू'का किरदार निभाया। फिल्म की कहानी में एक सच्चे पुलिस अफसर (कमल हासन) को एक क्रिमिनल के गैंग को टारगेट करने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। वह उस पुलिस अफसर को मार देते हैं और उसकी पत्नी को जहर दे देते हैं। वह दो जुड़वा लड़कों को जन्म देती है, जो बचपन में बिछड़ जाते हैं। दो भाई में से एक 'अप्पू' (कमल हासन) सर्कस का जोकर बन जाता है और दूसरा 'राजा'(कमल) एक मैकेनिक है। बाद में अप्पू को अपने पिता की हत्या के बारे में पता चलता है और वो उन हत्यारों से बदला लेने का प्लान बनाता है।

### सागर (1985)

साल 1985 में आई ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया और कमल हासन अभिनीत यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है, जो सुपरहिट रही। इसके लिए कमल हासन को 'बेस्ट एक्टर' का 'फिल्मफेयर अवॉर्ड'भी मिला था। फिल्म में एक मछुआरा 'राजा'एक लड़की 'मोना'से गुपचुप तरीके से प्यार में होता है। जब एक अमीर आदमी रवि अपनी दादी कमलादेवी के साथ रहने के लिए आता है, तो वह मोना को देखता है और उसे उससे प्यार हो जाता है। मोना के मन में भी भावनाएं उमड़ आती हैं। राजा को ये पता चलने के बाद उसका दिल टूट जाता है, लेकिन जब कमलादेवी को इस बारे में पता चलता है, तो वह मोना पर रवि को छोड़ने का दबाव डालने लगती हैं। 'सागर' को भारत की तरफ से 1985 में 'बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म' कैटिगरी में ऑस्कर के लिए भेजा गया था।



## खबर संक्षेप

### फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी एवं क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन कार्यशाला



**बैकुण्ठपुर।** 1 जुलाई को देशभर में नवीन आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। उपरोक्त कानूनों के सफल क्रियान्वयन के लिए वरिष्ठ कार्यालयों द्वारा विभिन्न विषयों को लेकर निरंतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज द्वारा 2 दिवसीय फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी कार्यशाला एवं 5 दिवसीय स्कीन ऑफ क्राईम इन्वीस्टीकेशन, फिंगर चेंस प्रिंट लिफ्टिंग, बेसिंक फिंगर प्रिंट साइंस एण्ड नफिस प्रशिक्षण प्रदाय कर उक्त प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स तैयार किया गया है। वहीं पुलिस मुख्यालय द्वारा थाना स्तर पर सीसीटीएनएस ऑपरेटर्स को केस एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में हुए परिवर्तनों की जानकारी एवं परिवर्तन के साथ विभिन्न फार्मो को भरने के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदाय कर मास्टर ट्रेनर्स तैयार किया गया है। इसके लिए एसपी सूरज सिंह परिहार 27 जून को सभी मास्टर ट्रेनर्स पुलिस कर्मचारियों से रू-ब-रू हुए एवं उनके द्वारा प्राप्त किए गए प्रशिक्षणों के बारे विस्तृत चर्चा की गई। एसपी श्री परिहार ने उन्हें बताया कि मास्टर ट्रेनर्स को जिले के सभी पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें प्रशिक्षित करना है, इसके लिए पुलिस कप्तान ने उनका प्रशिक्षण शेड्यूल भी तैयार किया गया है। एसपी ने जिले के मास्टर ट्रेनर्स को 30 जून तक सभी थाना, चौकी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रक्षित केन्द्र में प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण रोस्टर तैयार किया है साथ ही प्रशिक्षण उपरांत पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया है।

### नियत तिथि में सर्वे एवं डाटा अपलोड का कार्य पूर्ण करें



**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक जिला पंचायत मंथन कक्ष में आयोजित की गई। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की आवश्यक बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा सत्र 2024-25 के लक्ष्य संबंधित चर्चा कर सर्वे व उल्लास एप में एंट्री की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने उल्लास कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि विकासखंड के शिक्षा अधिकारी नियत तिथि में सर्वे एवं डाटा अपलोड का कार्य पूर्ण करें। समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों को निर्देशित करें कि वे अपने संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम व वार्ड प्रभारी एवं सर्वेकर्ता समय-सीमा का ध्यान रखते हुए कार्य को पूर्ण करें तथा उल्लास साक्षरता केन्द्र का चिन्हांकन कर कार्यालय को अवगत कराएं। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण केके गुप्ता द्वारा जानकारी दी गई कि नई शिक्षा नीति 2020 के एक घटक के रूप में उल्लास कार्यक्रम को आरंभ किया गया है। इसमें सर्वप्रथम असाक्षरों का चिन्हांकन कर ऑफ लाइन सर्वे उसके पश्चात उल्लास एप में ऑनलाइन एंट्री का कार्य किया जाना है। उन्होंने बताया कि जिला को शत-प्रतिशत साक्षर करने का लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करना है।

## पेज 1 का शेष...

### सीएस के सस्पेंड ...

एकपक्षीय कार्रवाई के विरोध में सभी चिकित्सक सीडा के बैनर तले कार्रवाई के विरोध में उतर गए, इससे कि जिला अस्पताल के सभी ओपीडी सेवाएं बाधित रही। विरोध प्रदर्शन के बाद चिकित्सकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें उल्लेख किया गया है कि सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र बनसरिया के साथ अन्यायपूर्ण एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए उनका निलंबन किया गया है।आपरेशन के एवज में रूपए मांगने का आरोप- जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में एक मरीज के आपरेशन के एवज में परिजनों से रूपए की मांग करने की शिकायत की गई थी। इसके बाद डॉ. राजेन्द्र बनसरिया के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई परिवार एवं स्वास्थ्य विभाग के अवर सचिव ने यह कार्रवाई की। जिला अस्पताल बनने के बाद यह पहला मौका है, जब प्रभारी अस्पताल अधीक्षक पर आपरेशन करने के एवज में रूपए मांगने का आरोप लगा और इस मामले में विभाग ने सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक को निलंबिन करने का आदेश जारी किया। आरोप है कि गुरूवार को जनप्रतिनिधियों को यह शिकायत मिली कि आपरेशन के एवज में 15 हजार रूपए की मांग की गई, इसके बाद जिला प्रशासन ने मामले की जांच के लिए डिप्टी कलेक्टर को जांच के लिए भेजा और शाम होते-होते यह खबर भी उड़ी की शिकायतकर्ता को मैनेज कर लिया या है और उसका इलाज कर उसे अपने पक्ष में कर लिया गया। वहीं देर रात सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक का निलंबन आदेश जारी कर दिया गया। बताया जा रहा है कि संबंधित मरीज ने रुपए मांगने की शिकायत सीधे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से कर दी थी। एमएलसी, पीएम, ओपीडी बंद, भटकते रहे मरीज- प्रभारी अस्पताल अधीक्षक के विरूद्ध एक तरफा कार्रवाई को लेकर जिला चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक अपने समस्त चिकित्सीय सेवाएं ठप्प कर दी। इस दौरान केवल आपातकालीन सेवाएं चालू रही, इसके अलावा किसी प्रकार की सेवा 28 जून के मरीजों को नहीं मिली, जबकि इस दौरान एमएलसी कराने, पीएम जैसे कार्य भी पूरी तरह से प्रभावित रहे साथ ही ओपीडी में कोई चिकित्सक नहीं बैठे, इसके कारण जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया। काफी संख्या में ओपीडी में आने वाले मरीज उपचार कराए ही वापस लौट गए। इस दौरान जिले के दूर -दराज से आने वाले ग्रामीण जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भटकते रहे।

### भारतीय न्याय संहिता...

यह संहिता नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरूपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। जिला अभियोजन अधिकारी हरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज प्रताप सिंह एवं एसडीओपी थाना सोनहत राजेश साहू इन तीनों के द्वारा भारतीय न्याय संहिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। उक्त जनजागरूकता कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र गुप्ता, जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, संयुक्त विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, एडवांस कब मास्टर रवि प्रसाद बैगा, बेसिक स्काउट मास्टर भीम धुरंधर, बेसिक गाइड कैप्टन सोनी कुमुदिनी राजपूत, आशा एक्का, प्रीति कुमारी, अपूर्वा द्विवेदी सहित काफी संख्या में स्काउट गाइड उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड का आभार प्रदर्शन किया।

## जिले से चिरमिरी-रीवा ट्रेन में काफी संख्या में यात्रा करते हैं लोग

# ट्रेनों के परिचालन बंद होने से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



जिला मुख्यालय बनने के बाद मनेन्द्रगढ़ में अब आमजन की आवाजाही में भी काफी इजाफा हुआ है,ऐसे में एक बार फिर से क्षेत्र में ट्रेनों के परिचालन व फेरे बढ़ाए जाने की मांग होने लगी है। कोरोना काल में सभी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था, उसके बाद जब चिरमिरी-रीवा ट्रेन शुरू हुई तो उसे सप्ताह में 3 दिन कर दिया गया, ऐसे में आमजन को होने वाली परेशानी का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में उत्तरप्रदेश, बिहार के लोग बहुतायत में निवास करते हैं और उन्हें उत्तरप्रदेश, बिहार जाने के लिए कोई सीधी गाड़ी नहीं है, ऐसे में उनके पास एकमात्र विकल्प था चिरमिरी-रीवा पैसेंजर ट्रेन, लेकिन उक्त ट्रेन का भी फेरा कम कर दिए जाने के बाद अब आमजन को मजबूरी में बसों व निजी वाहनों से आवागमन करना पड़ता है, जो आम आदमी के लिए किसी भी तरह से उसके बजट के लायक नहीं होता, अभी रीवा चिरमिरी ट्रेन का परिचालन सप्ताह में तीन दिन हो रहा है। आमजन ने इस संबंध में रेलवे के उच्चाधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराते हुए आग्रह किया कि वह चिरमिरी से रीवा ट्रेन को रोजाना संचालित करें, जिससे क्षेत्र के लोग सुविधापूर्ण तरीके से उत्तरप्रदेश के लिए आवागमन कर सकें। उक्त ट्रेन के अलावा पहले इस क्षेत्र के लोगों को राजधानी रायपुर तक जाने के लिए चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच लगाया जाता था, लेकिन कुछ वर्षों से उस कोच को भी बंद कर दिया गया है, ऐसे में इस क्षेत्र के लोग आज भी राजधानी रायपुर तक जाने के लिए किस्तों में यात्रा करने के लिए मजबूर है। आजजन का कहना है कि चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन जो मनेन्द्रगढ़ में रात्रि 10:45 पर रवाना होती है और सुबह लगभग 5 बजे बिलासपुर पहुंच जाती है और उसके बाद यह ट्रेन पूरे दिनभर बिलासपुर यार्ड में खड़ी रहती है। अगर चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन को सीधे नागपुर तक बढ़ा दिया जाए तो इस क्षेत्र के लोगों को काफी सहूलियत मिल सकती है और रेल प्रबंधन को भी अतिरिक्त कोच की व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। सभी जानते हैं कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का काफी अभाव है,किसी के परिवार में थोड़ी सी बीमारी हुई तो उन्हें सीधे बिलासपुर, रायपुर या नागपुर के लिए जाना पड़ता है। सीधी ट्रेन ना होने के कारण मजबूरी में लोगों को निजी वाहन किराए पर लेकर जाना पड़ता है,ऐसे में उन्हें होने वाली परेशानी का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है,लेकिन लंबे समय से चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन को नागपुर तक बढ़ाया जाने की मांग की जा रही है ,लेकिन पता नहीं क्यों रेलवे की जिम्मेदार अधिकारी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में आमजन ने क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों का ध्यानाकर्षण कराते हुए आग्रह किया है कि वे चिरमिरी - बिलासपुर ट्रेन को नागपुर तक बढ़ाने व चिरमिरी-रीवा ट्रेन को रोजाना करने के संबंध में उचित पहल करें, इससे क्षेत्र में निवास करने वाले आमजन को रेल यात्रा का लाभ मिल सके।

## कराटे चैंपियनशिप में अमन ने जीता सिल्वर मैडल



**पटना।** ऑल इंडिया कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन बीते 22 एवं 23 जून तक लखीराम मेमोरियल हॉल बिलासपुर में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला के आतिथ्य में संपन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता शोतोकान कराटे छग राज्य कराटे संघ संबंद्ध छग ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में किया गया था। इसमें राज्य कराटे संघ के अध्यक्ष वरूण पाण्डेय, महासचिव वीरेन्द्र डडसेना, कुमार गौरव, कोषाध्यक्ष रूखमणी रानू के नेतृत्व में 125 महिला-पुरूष खिलाड़ियों के दल ने भाग लेकर काता, कुमिते के विभिन्न आयु एवं वजन समूहों में कोरिया जिले के अमन यादव ने सिल्वर मैडल जीतकर रनई गांव का नाम रोशन किया। टीम के 5 खिलाड़ियों ने जीतकर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किए हैं।

**ये रहे पदक विजेता-** कुमिते में अमन यादव ने जीता सिल्वर, देवेन्द्र कर्रे, अंशुल सिंह, मनोज भास्कर, देवेन्द्र कर्रे ने कुमिते और काता में गोल्ड मेडल जीते देवेन्द्र कुरे गोल्ड मेडल जीतकर महोरा गांव को रोशन किया। अमन यादव और देवेन्द्र कुर्रे दोनों ने मिलकर अपने शहर और घर का नाम रोशन किया जिनके कोच देवेन्द्र कुर्रे ने हर्ष व्यक्त किया।

## डे नाइट क्रिकेट स्पर्धा में पोड़ी की टीम बनी विजेता



**डोमनहिल।** पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि खेल मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है। खेल कोई भी हो लग्न और इमानदारी से खेलना चाहिए। हल्दीबाड़ी स्कूल ग्राउंड में बीते एक सप्ताह से चल रहे स्व. जीतू स्मृति डे नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन और फाइनल मैच पोड़ी और अंबिकापुर के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में पोड़ी की टीम ने बाजी मारी। हल्दीबाड़ी स्कूल ग्राउंड में चल रहे रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का 27 जून को भव्य समापन हुआ। लगभग 15 दिनो से चले इस रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में 40 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल उपस्थित रहे । इस अवसर पर सुभाष कश्यप, रज्जाक खान, अजय बघेल, सनी चौथा, राकेश पराशर, सुभाष देवनाथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक शिवांश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को एक बेहतर मंच प्रदान किया गया। श्री परासर ने कहा कि इस तरह का आयोजन होते रहने से खिलाड़ियों को एक अच्छा मंच मिलता है। खेल को संपन्न कराने में दीपक परीदा, प्रणव कर, सोनू, रिंकू, सोनू सरदार, पिंटू सोनवानी, संचालन सुशांत घोष ने किया।

## रेलवे स्टेशन पर फैली गंदगी से यात्री परेशान





रेलवे स्टेशन पर फैली गंदगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

रेलवे स्टेशन पर इन दिनों गंदगी का साम्राज्य है। प्लेटफार्म से लेकर पूरे स्टेशन परिसर में कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। सफाई कर्मियों की लापरवाही का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है।

रेलवे स्टेशन परिसर में प्रवेश करते ही टिकट घर एवं आरक्षण केन्द्र में गंदगी की दुर्गंध से वहां रूकना भी मुश्किल है, इसके अलावा बुकिंग विंडो के पास से लेकर स्टेशन प्रवेश द्वार से सटी लगी ग्रिल के करीब कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, इससे यात्रियों को परेशानी होती है। वहीं सफाई कर्मी इस कूड़े को उठाने की जहमत नहीं उठाना चाहते हैं। कुछ ऐसा ही हाल प्लेटफार्म का भी है, यहां भी गंदगी बनी रहती है। इस संबंध में कई बार यात्रियों द्वारा स्टेशन अधीक्षक से भी शिकायत की जा चुकी है, इसके बावजूद विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। दीवारों पर पान के पीक और प्लेटफॉर्म पर फैली गंदगियों के कारण यात्रियों को हो रही असुविधा स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्टेशन की दीवारों पर पान के पीक और फैली गंदगी के कारण यात्रियों को असुविधा होती है। अधिकारी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं। ट्रेन के आवागमन के समय स्टेशन परिसर में यात्रियों की काफी भीड़ होती है। दूर-दराज से आए लोग प्लेटफार्म पर घंटों ट्रेन का इंतजार करते हुए देखे जाते हैं। हालांकि परिसर में बेंच से लगाए जगह-जगह गंदगी फैली हुई है जहां मक्खियां भी मंडराती रहती हैं। स्टेशन पर आए रमेश यादव, राजेश कुमार सहित अन्य लोगों का कहना है कि परिसर में नियमित साफ-सफाई नहीं किए जाने से चारों ओर गंदगी ही गंदगी फैली हुई है।

## कलेक्टर को पूर्व एल्डरमैन जैन ने सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के पूर्व एल्डरमेन रवि जैन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, साथ ही गांधी चौक में गांधी प्रतिमा का भुगतान करवाए जाने का आग्रह किया है।

श्री जैन ने बताया कि वे नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में मनोनित पार्षद थे। हमारे शहर के मुख्य चौक का नाम गांधी चौक है, लेकिन वर्षों तक वह चौक अपना नाम पाने का मोहताज रहा, यहां गांधी जी की प्रतिमा तक नहीं लगाई गई थी। मैंने एल्डरमैन बनते ही नगर पालिका परिषद को एक आवेदन दिया, इस पर मैंने गांधी प्रतिमा लगाने के लिए सीएमओ मनेन्द्रगढ़ को एक पत्र लिखा कि मेरी एल्डरमैन निधि से गांधी जी की प्रतिमा लगाए। उस दौरान तत्कालीन सरकार में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का प्रवास होने वाला था, विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा मनेन्द्रगढ़ शहर में तीन प्रतिमा का अनावरण करना था। इसमें पहली प्रतिमा मनेन्द्रगढ़ पार्क में स्व.बिशाहू दास महंत, दूसरी स्व.पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा जो खेड़यि तिराहा में लगी है एवं तीसरी प्रतिमा गांधी चौक पर गांधी जी की लगनी थी। यहां ठेकेदार के द्वारा जल्द से जल्द काम कराया गया। इसमें दो प्रतिमाओं का भुगतान नगर पालिका परिषद के द्वारा कर दिया गया, लेकिन महात्मा गांधी की प्रतिमा का भुगतान नगर पालिका परिषद के द्वारा नहीं किया जा रहा, उनके द्वारा यह कहा जाता है कि चौक-चौराहों पर मूर्तियां नहीं लगाई जा सकती, लेकिन वहीं खेड़यि तिराहा के पास स्व. पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी प्रतिमा के प्रतिमा लगाई गई तीनों प्रतिमा का उद्घाटन एक ही दिन हुआ और चौक-चौराहे को नियम बताकर हमारे देश के राष्टपिता महात्मा गांधी जी का मूर्ति का भुगतान नहीं किया गया। अतः आपसे अनुरोध है कि नगर पालिका परिषद के सीएमओ को आदेशित करें कि ठेकेदार का पेमेंट एक सप्ताह के अंदर दिया जाए या यह बता दिया जाए की जो प्रतिमा अभी गांधी चौक पर लगी है।

# नए कानून को लेकर मनेन्द्रगढ़ में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

1 जुलाई से देशभर में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं, जिसके बाद आईपीसी और सीआरपीसी की छुट्टी हो जाएगी, इसे लेकर जिला पुलिस एवं जिला प्रशासन एमसीबी के तत्वाधान में कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिसमे प्रमुख रूप से कलेक्टर डी.राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, एडिशनल एसपी अशोक वाड़ेकर, एसडीएम लिंगराज सहित अन्य उपस्थित लोगों को इस नए कानून से अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अब किसी भी पुलिस थाने में आधे घंटे के भीतर पीड़ति की सुनवाई होगी । यदि ज्यादा देर तक पीड़ति को बैठाकर रखा जाता है और सुनवाई नहीं होती हैं तथा इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंचती हैं तो थाने के संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई निश्चित है। उन्होंने कहा कि न्याय देने की प्रकिया वर्तमान में काफी जटिल है, इसे ध्यान में रखकर कानून बनाया गया है, ताकि न्याय सुगम हो सके और लोगों को त्वरित न्याय मिल सके। यदि कोई भी थाने में शिकायत लेकर आता है तो एसडीओपी 24 घंटे में कार्रवाई करेंगे। थानेदार को 14 दिन में अपराध दर्ज करना ही होगा। देश के कई राज्यों में एफआईआर कराना युद्ध जीतने के जैसा है, लेकिन नए कानून में अब ऐसा नहीं होगा, अब ईएफआईआर भी दर्ज करवाई जा सकती है, लेकिन 3 दिन के अंदर थाने में आकर कार्रवाई पूर्ण करवानी होगी। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बताया कि प्रदेश और देशभर में यह कार्यशाला चल रही है, यह जागरूकता के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है। राजस्व विभाग के अधिकारी विशेष रूप से ध्यान देंगे। किसी भी समस्या के निराकरण के लिए हमें स्थल तक जाना पड़ेगा। आने वाले समय में पत्रकार, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, छात्र, आमजन के लिए अलग-अलग कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इन कानूनों के प्रभावीकरण के लिए हम सभी को पहल करनी होगी, तभी इन कानूनों का लाभ आमजन को मिल सकेगा। इस अवसर पर थाना प्रभारी चिरमिरी अमित कुमार कौशिक ने नए कानून से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई से 2024 से एफआईआर से लेकर कोर्ट तक के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इलेक्ट्रॉनिक तरीके से शिकायत करने के तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज करने का प्रावधान होगा। सात साल से अधिक सजा वाले मामले में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य होगी। यौन उत्पीड़न के मामले में सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट देनी होगी। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय करने का प्रावधान होगा। आपराधिक मामलों में सुनवाई पूरी होने के 45 दिनों में फैसला होगा। भगोड़े अपराधियों के गैर मौजूदगी के मामलों में 90 दिनों के भीतर केश दायर करने का प्रावधान होगा। इस तरह तीन साल के भीतर पीड़ति को न्याय मिल सकेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया। जिला स्तरीय सेमिनार में प्राचार्य यूबी मिश्रा, पवन फरमानिया, डॉ. सरोज बाला स्याग विश्नोई प्राचार्य विवेकानंद महाविद्यालय, पार्षद श्याम सुंदर पोद्दार, शिव यादव, डॉ. रश्मि जैन, प्राचार्य सुदीप्ता शर्मा, रितेश जैन, पार्षद सरजू यादव, पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, संतोष जैन, नाह समेत गणमान्य जन मौजूद रहे।

## शाला प्रवेश उत्सव

### रामानुज स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**बैकुण्ठपुर।** नए शिक्षा सत्र के प्रारंभ के साथ ही 26 जून को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य श्रीमती सरोजनी जायसवाल, प्रदीप गुप्ता, बृजवासी तिवारी, माधव अग्रवाल, प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो एवं प्रधान पाठक राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय की प्राचार्य द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया गया। शाला प्रबंधन केसदस्यों द्वारा नवीन छात्रों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया, साथ ही नवीन विद्यार्थियों को शाला गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। अपने संबोधन में प्रदीप गुप्ता ने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्रीमती सरोजनी जायसवाल द्वारा नवीन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. ताहिर आजमी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नरेश तिवारी, राजीव जायसवाल, संजीव जायसवाल, प्रभात मिश्रा, वाईके मिश्रा, श्रीमती नाजिमा खातून, श्रीमती पी.वर्मा, तपानाथ पाठक, आरएस गुप्ता, श्रीमती रीता गुप्ता, श्रीमती ममता पाण्डेय, श्रीमती रत्ना पटेल, श्रीमती सरिता खलखो, श्रीमती किरण शुक्ला, श्रीमती मधु त्रिपाठी, श्रीमती साजदा खातून, श्रीमती ममता ओझा, निर्मल सोनी, श्रीमती पूजा शुक्ला, विमल कुमार, दीपक साहू, मेघराज मुकर्जी, रेशम लाल जांगड़े, दिनेश, चंद्र प्रकाश, अल्फिया सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### बच्चों को शिक्षा और संस्कार दोनों से करें परिपूर्ण



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में शिक्षा सत्र 2024 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को टीका लगाकर मिठाई खिलाकर पाठ्य पुस्तक सामग्री देकर स्वागत किया गए। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य बलराज पाल ने सभी अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को स्कूल भेजने और शिक्षकों से बच्चों में अच्छे संस्कार देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज से शिक्षा सत्र की शुरूआत हुई है, पालकों से कहा गया है कि वे अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। शिक्षा हमारे जीवन का सार है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों में कार्यक्रम को लेकर उत्साह था, हमारी कोशिश होगी कि यह उत्साह वर्षभर बना रहे। इस अवसर पर विद्यालय के सुधा शुक्ला, सुनीता मिश्रा, निर्मला अग्रवाल, अश्वनी दुबे, माता प्रसाद द्विवेदी, नित्यानंद द्विवेदी, डीआर राठौर, जयंत देवांगन, सुषमा टोप्पो, मंजू बघेल, शोभा जायसवाल, सुनीता यादव, कमलेश पांडे समेत समस्त शिक्षकीय व विद्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे।

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया गया प्रवेश



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला मनेन्द्रगढ़ शिक्षा विभाग में आज शाला प्रवेशोत्सव और न्योता भोज का अयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य यूबी मिश्रा, प्राचार्य सत्येन्द्र सिंह, प्रधान पाठक गोविंद दास, नारायण तिवारी, श्रीमती रीता सेन, अलका कल्पना सैमुअल, दमयंती सिंह, संध्या मिश्रा, रविन्द्र सिंह, सुनील कश्यप, सौरभ ताम्रकार, रोहित सिंह, संकुल समन्वयक राजेश बैगा समेत समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। प्रथम दिवस नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत, बच्चों को मिलने वाले विभिन्न सुविधाओं का वितरण किया गया। शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान और पालकों का स्कूल के बारे में अभिमत लिया गया। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर संकुल प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव को जन-जन का अभियान बनाने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेते हुए इसे सभी स्तर पर सफल बनाएं, ताकि शत-प्रतिशत बच्चों को शाला में प्रवेश एवं ठहराव सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर समग्र शिक्षा के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय, मनेद्रगढ़



**मनेन्द्रगढ़।** नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में नव प्रवेशित बच्चों एवं प्रथम दिवस शाला आने वाले नव निहालों का तिलक लगाकर एवं उन्हें पुस्तक प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य रामाश्रय शर्मा द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा का पूजन एवं दीप प्रज्जवलन करते हुए नव निहालो को शाला के प्रथम दिवस के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं दी गई। प्राचार्य द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन बनाएं रखने एवं खूब मन लगाकर पढ़ाई करने का सुझाव दिया गया तथा शिक्षकों से भी अपने कर्तव्य निर्वहन में समर्पित रहने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चे एवं शिक्षक उत्साहित रहे।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगर



**नगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, शाला प्रबंधन समिति एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ के समक्ष शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को रोली तिलक लगाकर विद्यालय में प्रवेश कराया गया, साथ ही कक्षा नवमीं एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पुस्तकें भी प्रदान की गई। इस अवसर में स्कूल परिसर पर नवनिर्मित साइकिल स्टैंड का लोकार्पण ग्राम पंचायत उमझर के सरपंच द्वारा किया गया। तत्पश्चात शाला प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। इसमें आगामी वर्ष की कार्य योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व सरपंच गंभीर सिंह, पूर्व प्रधान पाठक कंदूराम कुर्रे, सचिव रज्जूराम, प्राचार्य एसएम तिर्की, शिक्षक जितेन्द्र मिश्रा, राजेश्वर शर्मा, दीपमाला पांडे, तारा पांडेय, रेणुका तिर्की, प्रसन्नता कुजूर, पप्पू कुमार, दानिश, कमल सहित शाला विकास समिति के सदस्य एवं अभिभावकजन उपस्थित रहे।